**सैंपल पेपर-02**

---

निर्धारित समय : 3 घंटे  अंक : 100

**सामान्य निर्देश:-**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।
2. प्रश्न संख्या 1-5 तक प्रत्येक प्रश्न एक अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 20 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
3. प्रश्न संख्या 6-10 तक प्रत्येक प्रश्न दो अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 40 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
4. प्रश्न संख्या 11-16 तक प्रत्येक प्रश्न चार अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 100 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
5. प्रश्न संख्या 17-21 तक प्रत्येक प्रश्न पाँच अंक का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।
6. प्रश्न संख्या 21 मानचित्र पर आधारित प्रश्न है। इसका उत्तर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए।
7. प्रश्न संख्या 22 से 27 तक प्रत्येक प्रश्न छः अंकों का है। प्रत्येक प्रश्न का उत्तर 150 शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए।

---

1. UNCTAD का विस्तृत रूप लिखें।
2. सोवियत राजनैतिक प्रणाली ............ की विचारधारा पर आधरित थी।
3. कौन सा-युद्ध वीडियो गेम वार के नाम सें जाना जाता है?
4. UNO के वर्तमान महासचिव का नाम लिखों।
5. "राजनीति में नायक-पूजा का भाव सीधे पतन की ओर ले जाता है। यह कथन किसने कहा है।
6. गैर कांग्रेसवाद क्या है?
7. रेल हड़ताल कब और किस माँग को लेकर की गयी थी?
8. दलित पैंथर्स की दो मुख्य माँगें स्पष्ट करें।
9. राज्य पुर्नगठन आयोग की दो सिफारिशें लिखें।
10. मानव अधिकारों की रक्षा में सक्रिय दो स्वयं सेवी संगठनों के नाम लिखें।
11. भारतीय विदेश नीति के किन्हीं चार सिद्धांतो का आकलन कीजिए।
12. मिजों अलगाववादी आन्दोलन को जन समर्थन क्यों और कैसे प्राप्त हुआ।
13. हरित क्रान्ति के दो सकारात्मक एवं दो नकारात्मक परिणाम बताएँ।
14. भारत-अमेरिका के बदलते सम्बन्धों का परीक्षण किजिए।
15. भारत के द्वारा गुट-निरपेक्षता की नीति अपनाने के कोई चार कारण बताइएँ।
16. शॉक थेरेपी क्या थी? क्या साम्यवाद से पूँजीवाद की तरफ संक्रमण का यह सबसे बेहतर तरीका था?
17. निम्नलिखित गद्याश को पढ़े एवं प्रश्नों के उत्तर दें।

    "यदि वैश्वीकरण का अर्थ विचारों पूँजी, वस्तुओं एवं मनुष्यों के प्रवाह से है तो यहाँ यह प्रश्न पूछना तर्कपूर्ण होगा कि इसमें

पवित्र चीज कौन-सी है। वैश्वीकरण ने इन चारों प्रवाह के सन्दर्भ में सम्पूर्ण मानव-जाति के इतिहास को ग्रहण कर लिया है। हालांकि जो लोग यह तक देते है कि समकालीन वैश्वीकरण में कुछ अलग है वे यह कहते हैं कि यह वह तराजू एवं गति है, जो वैश्वीकरण के विशेषीकरण के प्रवाह को मापता है।"

1. उपरोक्त गद्यांश में दिए गए चारों प्रवाहों का प्राचीन समय में इसी तरह के प्रवाह से अन्तर करते हुए उदाहरण दें। (2)
2. क्या हम यह निष्कर्ष निकाल सकते हैं कि वैश्वीकारण एक अनिवार्य आर्थिक एवं सदैव सकारात्मक होने वाली घटना है? अपने तक के पक्ष में एक उदाहरण दें। (3)


18. इंदिरा गाँधी ने कांग्रेस को अत्यंत केन्द्रीकृत व अलोकतांत्रिक पार्टी संगठन में तब्दील कर दिया, जबकि नेहरू के नेतृत्व में कांग्रेस शुरूआती दशकों में एक संघीय, लोकतांत्रिक और विचारधाराओं के समाहार का मंच थी। नयी और लोकलुभावना राजनीति ने राजनीतिक विचारधारा को महज चुनावी विमर्श में बदल दिया। कई नारे उछाले गये, लेकिन इसका मतलब यह नहीं था कि उसी अनुकूल सरकार की नीतियाँ भी बनानी थी। 1970 के दशक के शुरूआती सालों में अपनी बड़ी चुनावी जीत के जश्न के बीच कांग्रेस एक राजनीतिक संगठन के तौर पर मर गयी।
    1. लेखक के अनुसार नेहरू व इंदिरा गाँधी द्वारा अपनायी गयी रणनितियों में क्या अंतर था? (2)
    2. लेखक ने क्यों कहा है कि सत्तर के दशक में कांग्रेस पार्टी मर गयी। (1)
    3. कांग्रेस पार्टी में आये बदलावों का असर दूसरी पार्टियों पर किस प्रकार पड़ा? (2)
19. निम्नलिखित अवतरण को ध्यान पूर्वक पढ़िए एवं संबंधित प्रश्नों के उत्तर दिजिए।
    "कुछ लोग मानते है कि अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कोई देश अथवा देशों को समूह नहीं कर पायेगा क्योंकि आज सभी देश अमरीकी ताकत के आगे बेबस हैं। ये लोग मानते है कि राज्येत्तर संस्थाएँ अमरीकी वर्चस्व के प्रतिकार के लिए आगे आएंगी। अमरीकी वर्चस्व को आर्थिक और सांस्कृतिक धरातल पर चुनौती मिलेगी।"
    i. अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार कौन कर सकता है? (1)
    ii. "राज्येत्तर संस्था" से क्या तात्पर्य है? (2)
    iii. अमरीकी वर्चस्व का प्रतिकार किस प्रकार किया जा सकता है? (2)
20. दिए गए कार्टून को देखिए तथा निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।



    1. SRC का शब्द विस्तार लिखे। (1)
    2. जिन्न को बोतल में लाने का प्रयास क्यों किया जा रहा है? (2)

3. कार्टून में दिए गए किन्हीं दो नेताओं के नाम लिखिए। (2)

21. भारत का एक राजनीतिक नक्शा लीजिए (जिसमें राज्यों की सीमाएं दिखाई गई हों) और उसमें निम्नलिखित को चिह्नित कीजिए-




1. ऐसे दो राज्य जहाँ 1952-67 के दौरान कांग्रेस सत्ता में नहीं थी। (2)
2. तीन ऐसे राज्य जहाँ इस पूरी अवधि में कांग्रेस सत्ता में रही। (3)

22. नव अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक व्यवस्था से क्या अभिप्राय है? वैश्विक व्यापार प्रणाली में सुधार लाने के लिए अंकटाड द्वारा 1972 में प्रस्तावित किन्हीं चार सुझावों का उल्लेख कीजिए।

**अथवा**

सोवियत प्रणाली क्या थी? सोवियत प्रणाली की किन्हों चार विशेषताओं का आकलन कीजिए।

23. अमेरिका की अर्थिक प्रबलता उसकी ढाँचागत शक्ति से पृथक नहीं है वर्णन कीजिए।

**अथवा**

भिन्न राजनीतिक प्रणालियाँ होते हुए भी पूरे दक्षिण एशिया में लोकतंत्र किस प्रकार एक स्वीकृत मानक बन गया है? व्याख्या कीजिए।

24. कोई चार तरीके सुझाइए जिससे संयुक्त राष्ट्र के ढाँचे तथा प्रक्रियाओं में सुधर लाया जा सके।

**अथवा**

परम्परागत और अपारम्परिक सुरक्षा में क्या अन्तर है? गठबन्धनों का निर्माण करना और उनकों बनाए रखना इनमें से किस कोटि में आता है।

25. 1947 में भारत के विभाजन के किन्हीं दी कारणों की व्याख्या कीजिए। विभाजन के किन्हीं चार प्रमुख परिणामों का विश्लेषण कीजिए।

**अथवा**

भारत के आर्थिक विकास की बुनियाद एवं भूमि सुधारों की दिशा में नियोजित विकास के परिणामों का आकलन कीजिए।

26. भारत में 1971 में कांग्रेस पार्टी के पुनरूत्थान के लिए उत्तदायी कारक कौन से थे?

**अथवा**

1975 की आपातकाल पर गठित शाह आयोग की उपलब्धियों की व्याख्या कीजिए।

27. चिपको आन्दोलन से क्या अभिप्राय है? यह आन्दोलन कब और कहाँ शुरू हुआ? पर्यावरण के संरक्षण में इसका क्या योगदान है?

**अथवा**

2014 के आम चुनावों में लोगों ने केन्द्र में स्थिर सरकार के पक्ष में मतदान किया। अपके विचार में क्या गठबन्धन की सरकारों का युग समाप्त हो गया है? अपने उत्तर के पक्ष में उपर्युक्त तर्क कीजिए।